Downloaded From : http://cbseportal.com/

**SET-1**

**Series JMS/C**

कोड नं.
Code No. **3/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 14 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम अ)

## (Course A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***चार*** *खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए : *8*

हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता जनसंख्या वृद्धि रोकना है । इस क्षेत्र में हमारे सभी प्रयत्न निष्फल रहे हैं । ऐसा क्यों है ? यह इसलिए भी हो सकता है कि समस्या को देखने का हर एक का एक अलग नज़रिया है । जनसंख्याशास्त्रियों के लिए यह आँकड़ों का अम्बार है । अफसरशाही के लिए यह टारगेट तय करने की कवायद है । राजनीतिज्ञ इसे वोट बैंक की दृष्टि से देखता है । ये सब अपने-अपने ढंग से समस्या को सुलझाने में लगे हैं । अत: अलग-अलग किसी के हाथ सफलता नहीं लगी । पर यह स्पष्ट है कि परिवार के आकार पर आर्थिक विकास और शिक्षा का बहुत प्रभाव पड़ता है । यहाँ आर्थिक विकास का मतलब पाश्चात्य मतानुसार भौतिकवाद नहीं, जहाँ बच्चों को बोझ माना जाता है । हमारे लिए तो यह सम्मानपूर्वक जीने के स्तर से संबंधित है । यह मौजूदा संपत्ति के समतामूलक विवरण पर ही निर्भर नहीं है वरन् ऐसी शैली अपनाने से सम्बन्धित है जिसमें अस्सी करोड़ लोगों की ऊर्जा का बेहतर इस्तेमाल हो सके । इसी का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष स्त्री-शिक्षा भी है । यह समाज में एक नए प्रकार का चिंतन पैदा करेगी जिससे सामाजिक और आर्थिक विकास के नए आयाम खुलेंगे और साथ ही भावी पीढ़ी के विकास का नया रास्ता भी खुलेगा । अत: जनसंख्या की समस्या सामाजिक है । इसे सरकार अकेले नहीं सुलझा सकती । केन्द्रीकरण से हटकर इसे ग्राम-ग्राम, व्यक्ति-व्यक्ति तक पहुँचना होगा । जब तक यह जन-आन्दोलन नहीं बन जाता तब तक हमारी विकास योजनाओं को सफलता मिलना संदिग्ध है ।

(क) सर्वोच्च प्राथमिकता किसे दी जानी चाहिए और क्यों ? *2*

(ख) स्त्री-शिक्षा का लाभ कहाँ उठाया जा सकता है ? *2*

(ग) जनसंख्या समस्या के प्रति हमारा दृष्टिकोण क्या रहा है ? उसमें किस बदलाव की ज़रूरत है ? *2*

(घ) गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

(ङ) केंद्रीकरण का विलोम शब्द लिखिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए : *7*

लीक पर वे चलें जिनके चरण दुर्बल और हारे हैं
हमें तो जो हमारे यात्रा से बने ऐसे अनिर्मित पंथ प्यारे हैं ।
साक्षी हैं राह रोके खड़े पीले बाँस के झुरमुट
कि उनमें गा रही है जो हवा उसी से लिपटे हुए सपने हमारे हैं ।
शेष जो भी हैं
वक्ष खोले-डोलती अमराइयाँ
गर्व से आकाश थामे खड़े


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

ताड़ के पेड़
हिलती क्षितिज की झालरें
झूमती हर डाल पर बैठी फलों से लदी धरती
खिलखिलाती शोख अल्हड़ हवा
गायक मंडली से थिरकते आते गगन में मेघ
वाद्य यंत्रों-से पड़े टीले ।

(क) कवि को कैसे रास्ते प्रिय हैं और क्यों ? *1*

(ख) 'हिलती क्षितिज की झालरें' किसे कहा गया है ? क्यों ? *1*

(ग) 'वाद्य यंत्रों-से पड़े टीले' में कौन-सा अलंकार है ? *1*

(घ) लीक पर चलने का क्या आशय है ? कवि किन्हें लीक पर चलने वाला मानता है ? *2*

(ङ) काव्यांश के किन्हीं दो प्राकृतिक दृश्यों को स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

माना कि रंग हैं अनेक अपने देश में,
हैं भेद बहुत रहन-सहन भाषा वेश में,
लेकिन सभी में अंतरंग ही विशेष है
सजे हुए हैं क्योंकि एक देश-परिवेश है
देश के, प्रदेश के, परदेस के विचार का —
समय नहीं है मित्र आज,
रँग सको किसी तरह तो
प्रेम-शान्ति-रंग में रँगो ।
है कौन दूर, कौन पास अपने देश में,
है भारतीय आत्मा हर एक वेश में,
प्रत्येक मुख से झलकता माँ का ही प्यार है
मद्धिम चलन में देखिए अजब बहार है ।
रोध का, विरोध का और प्रतिरोध का —
समय नहीं है मित्र आज,
बुन सको किसी तरह तो
शान्ति का वितान तुम बुनो ।


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(क) कवि के अनुसार आज किन बातों के लिए समय नहीं है ? *1*

(ख) कवि देशवासियों को किस रंग में रँगना चाहता है ? *1*

(ग) 'है भारतीय आत्मा हर एक वेश में' पंक्ति से कवि क्या समझाना चाहता है ? *1*

(घ) कैसे कहा जा सकता है कि अपने देश में अनेकता में एकता मिलती है ? *2*

(ङ) आशय समझाइए : 'बुन सको किसी तरह तो
शान्ति का वितान तुम बुनो ।' *2*

## खण्ड ख

**3.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए : *1×3=3*

(क) वसंत आया और लताओं पर फूल खिलने लगे । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) मोहन पुस्तक पढ़कर सो गया । (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

(ग) दूसरों की मदद करने वालों की सराहना होती है । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) पाँच भाई-बहिनों में मैं सबसे छोटी थी । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

**4.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : *1×4=4*

(क) मरीज उठ नहीं सकता । (भाववाच्य में बदलिए)

(ख) राधा ने भिखारी को भोजन दिया । (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ग) दादी द्वारा बच्चों को कहानी सुनाई गई । (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(घ) दर्द के मारे उससे हँसा भी न गया । (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ङ) मैं रात होने पर घर लौटी । (वाच्य भेद लिखिए)

**5.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** रेखांकित पदों का परिचय दीजिए : *1×4=4*

(क) सच्चाई व्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ गुण है ।

(ख) तुलसीदास भक्तिकाल के कवि हैं ।

(ग) मैं भारत में रहता हूँ ।

(घ) धीरे-धीरे गाड़ी ने प्लेटफॉर्म छोड़ दिया ।

(ङ) काशी में संगीत की प्राचीन परंपरा रही है ।

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : *1×4=4*

(क) करुण रस का स्थायी भाव क्या है ?

(ख) उत्साह किस रस का स्थायी भाव है ?

(ग) राम को रूप निहारति जानकी कंगन के नग की परछाहीं ।
यातै सबै सुधि भूलि गई कर टेकि रही पल टारत नाहीं ।।
उक्त पंक्तियों में निहित रस का नाम लिखिए ।

(घ) वीर रस का एक उदाहरण दीजिए ।

(ङ) संचारी भाव किसे कहते हैं ?


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

### खण्ड ग

**7.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए :

घर में पतोहू रो रही है जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं । किंतु, बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं ! हाँ, गाते-गाते कभी-कभी पतोहू के नज़दीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते । आत्मा-परमात्मा के पास चली गई, विरहिनी अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात ? मैं कभी-कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए । किन्तु नहीं, वह जो कुछ कर रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था – वह चरम विश्वास, जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है ।

(क) लेखक को कभी क्यों लग रहा था कि भगत पागल हो गए हैं ? *2*

(ख) पतोहू क्यों रो रही है और भगत पतोहू को उत्सव मनाने के लिए क्यों कहते हैं ? *2*

(ग) भगत के विचार में आनंद की बात क्या है ? *1*

**8.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×4=8*

(क) अपने पिताजी की विरोधाभासी प्रवृत्ति पर मन्नू भंडारी क्या विचार प्रस्तुत करती हैं ?

(ख) फादर की उपस्थिति देवदार वृक्ष की छाया जैसी क्यों लगती है ?

(ग) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?

(घ) बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगलध्वनि का नायक क्यों कहा जाता है ?

(ङ) 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर लिखिए कि नवाब साहब के किन हाव-भावों से लगा कि वे लेखक से बातचीत के लिए उत्सुक नहीं थे ।

**9.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए :

तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर

(क) 'तारसप्तक' और 'संगतकार' शब्दों का आशय स्पष्ट कीजिए । *2*

(ख) "जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ"
का भाव स्पष्ट कीजिए । *2*

(ग) मुख्य कलाकार को ढाँढ़स कौन बँधाता है ? *1*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**10.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×4=8*

(क) 'कन्या' के साथ दान के औचित्य पर अपने विचार लिखिए ।

(ख) 'मृगतृष्णा' से क्या तात्पर्य है ? 'छाया मत छूना' में इसका प्रयोग किस अर्थ में हुआ है ?

(ग) बच्चे की मुस्कान और एक बड़े व्यक्ति की मुस्कान में क्या अंतर है ?

(घ) लक्ष्मण के अनुसार शूरवीर और कायर में क्या अंतर है ?

(ङ) गोपियाँ राजधर्म की याद क्यों दिला रही हैं ? सूरदास के पद के आधार पर उत्तर दीजिए ।

**11.** "भोलानाथ और उसके साथियों के खेल, वर्तमान खेलों की अपेक्षा मूल्यों का विकास करने में अधिक सहायक थे ।" 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

वर्तमान दौर में प्रकृति के साथ किस तरह का खिलवाड़ किया जा रहा है ? इसे रोकने के लिए आप क्या-क्या कदम उठा सकते हैं ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए ।

## खण्ड घ

**12.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर दिए गए बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए : *10*

(क) मेक इन इंडिया

- आशय
- उद्देश्य
- भारत की पृष्ठभूमि
- विकास में अग्रसर होने का विकल्प

(ख) भारतीय नारी की चुनौतियाँ

- पुरुष प्रधान समाज में नारी का संघर्ष
- घर-परिवार की सीमाओं से बाहर नई चुनौतियाँ
- विविध क्षेत्रों में नारी का योगदान
- दोहरी भूमिका कितनी संभव

(ग) मातृभाषा के प्रति घटती अभिरुचि

- मातृभाषा शिक्षा उपयुक्त-माध्यम
- मातृभाषा में घटती रुचि के विभिन्न कारण
- अंग्रेज़ी के प्रति बढ़ती रुचि के कारण
- बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आवश्यकता – अंग्रेज़ी


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**13.** परीक्षा के दिनों में अनियमित विद्युत्-आपूर्ति की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रबंधक, राज्य विद्युत्-आपूर्ति निगम को पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

अपने पिताजी को पत्र द्वारा बताइए कि आपके विद्यालय में वार्षिक उत्सव किस प्रकार मनाया गया ।

**14.** आपकी बड़ी बहन ने एक संगीत सिखाने की संस्था खोली है । इसके लिए लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आप अपना पुराना फर्नीचर बेचना चाहते हैं । इसके लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए ।


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

SET-2

Series JMS/C

कोड नं.
Code No. 3/1/2

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 14 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम अ)
## (Course A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए : *7*

लीक पर वे चलें जिनके चरण दुर्बल और हारे हैं
हमें तो जो हमारे यात्रा से बने ऐसे अनिर्मित पंथ प्यारे हैं ।
साक्षी हैं राह रोके खड़े पीले बाँस के झुरमुट
कि उनमें गा रही है जो हवा उसी से लिपटे हुए सपने हमारे हैं ।
शेष जो भी हैं
वक्ष खोले-डोलती अमराइयाँ
गर्व से आकाश थामे खड़े
ताड़ के पेड़
हिलती क्षितिज की झालरें
झूमती हर डाल पर बैठी फलों से लदी धरती
खिलखिलाती शोख अल्हड़ हवा
गायक मंडली से थिरकते आते गगन में मेघ
वाद्य यंत्रों-से पड़े टीले ।

(क) कवि को कैसे रास्ते प्रिय हैं और क्यों ? *1*

(ख) 'हिलती क्षितिज की झालरें' किसे कहा गया है ? क्यों ? *1*

(ग) 'वाद्य यंत्रों-से पड़े टीले' में कौन-सा अलंकार है ? *1*

(घ) लीक पर चलने का क्या आशय है ? कवि किन्हें लीक पर चलने वाला मानता है ? *2*

(ङ) काव्यांश के किन्हीं दो प्राकृतिक दृश्यों को स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

माना कि रंग हैं अनेक अपने देश में,
हैं भेद बहुत रहन-सहन भाषा वेश में,
लेकिन सभी में अंतरंग ही विशेष है
सजे हुए हैं क्योंकि एक देश-परिवेश है
देश के, प्रदेश के, परदेस के विचार का —
समय नहीं है मित्र आज,
रँग सको किसी तरह तो
प्रेम-शान्ति-रंग में रँगो ।


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

है कौन दूर, कौन पास अपने देश में,
है भारतीय आत्मा हर एक वेश में,
प्रत्येक मुख से झलकता माँ का ही प्यार है
मद्धिम चलन में देखिए अजब बहार है ।
रोध का, विरोध का और प्रतिरोध का —
समय नहीं है मित्र आज,
बुन सको किसी तरह तो
शान्ति का वितान तुम बुनो ।

(क) कवि के अनुसार आज किन बातों के लिए समय नहीं है ? *1*

(ख) कवि देशवासियों को किस रंग में रँगना चाहता है ? *1*

(ग) 'है भारतीय आत्मा हर एक वेश में' पंक्ति से कवि क्या समझाना चाहता है ? *1*

(घ) कैसे कहा जा सकता है कि अपने देश में अनेकता में एकता मिलती है ? *2*

(ङ) आशय समझाइए : 'बुन सको किसी तरह तो
शान्ति का वितान तुम बुनो ।' *2*

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए : *8*

हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता जनसंख्या वृद्धि रोकना है । इस क्षेत्र में हमारे सभी प्रयत्न निष्फल रहे हैं । ऐसा क्यों है ? यह इसलिए भी हो सकता है कि समस्या को देखने का हर एक का एक अलग नज़रिया है । जनसंख्याशास्त्रियों के लिए यह आँकड़ों का अम्बार है । अफसरशाही के लिए यह टारगेट तय करने की कवायद है । राजनीतिज्ञ इसे वोट बैंक की दृष्टि से देखता है । ये सब अपने-अपने ढंग से समस्या को सुलझाने में लगे हैं । अत: अलग-अलग किसी के हाथ सफलता नहीं लगी । पर यह स्पष्ट है कि परिवार के आकार पर आर्थिक विकास और शिक्षा का बहुत प्रभाव पड़ता है । यहाँ आर्थिक विकास का मतलब पाश्चात्य मतानुसार भौतिकवाद नहीं, जहाँ बच्चों को बोझ माना जाता है । हमारे लिए तो यह सम्मानपूर्वक जीने के स्तर से संबंधित है । यह मौजूदा संपत्ति के समतामूलक विवरण पर ही निर्भर नहीं है वरन् ऐसी शैली अपनाने से सम्बन्धित है जिसमें अस्सी करोड़ लोगों की ऊर्जा का बेहतर इस्तेमाल हो सके । इसी का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष स्त्री-शिक्षा भी है । यह समाज में एक नए प्रकार का चिंतन पैदा करेगी जिससे सामाजिक और आर्थिक विकास के नए आयाम खुलेंगे और साथ ही भावी पीढ़ी के विकास का नया रास्ता भी खुलेगा । अत: जनसंख्या की समस्या सामाजिक है । इसे सरकार अकेले नहीं सुलझा सकती । केन्द्रीकरण से हटकर इसे ग्राम-ग्राम, व्यक्ति-व्यक्ति तक पहुँचना होगा । जब तक यह जन-आन्दोलन नहीं बन जाता तब तक हमारी विकास योजनाओं को सफलता मिलना संदिग्ध है ।

(क) सर्वोच्च प्राथमिकता किसे दी जानी चाहिए और क्यों ? *2*


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(ख) स्त्री-शिक्षा का लाभ कहाँ उठाया जा सकता है ? *2*

(ग) जनसंख्या समस्या के प्रति हमारा दृष्टिकोण क्या रहा है ? उसमें किस बदलाव की ज़रूरत है ? *2*

(घ) गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

(ङ) केंद्रीकरण का विलोम शब्द लिखिए । *1*

## खण्ड ख

**3.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : *1×4=4*

(क) नवाब साहब ने खीरे की फाँक को सूँघकर बाहर फेंक दिया । (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) कहाँ से शुरू किया जाए ? (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ग) फ़ादर कामिल बुल्के संकल्प से संन्यासी थे । (वाच्य का नाम लिखिए)

(घ) क्या अब मतदान को चलें ? (भाववाच्य में बदलिए)

(ङ) प्रत्याशी ने चुनाव जीतने के लिए कठिन संघर्ष किया । (कर्मवाच्य में बदलिए)

**4.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए : *1×3=3*

(क) वसंत आया और लताओं पर फूल खिलने लगे । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) मोहन पुस्तक पढ़कर सो गया । (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

(ग) दूसरों की मदद करने वालों की सराहना होती है । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) पाँच भाई-बहिनों में मैं सबसे छोटी थी । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

**5.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : *1×4=4*

(क) वीर रस का स्थायी भाव क्या है ?

(ख) जुगुप्सा (घृणा) किस रस का स्थायी भाव है ?

(ग) मन की मन ही माँझ रही ।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही ।
अवधि अधार आस आवन की तन मन विथा सही ।
उक्त पंक्तियों में निहित रस का नाम लिखिए ।

(घ) हास्य रस का एक उदाहरण लिखिए ।

(ङ) कविता में 'रस' का क्या तात्पर्य है ?

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** रेखांकित पदों का परिचय दीजिए : *1×4=4*

(क) <u>सच्चाई</u> व्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ गुण है ।

(ख) <u>तुलसीदास</u> भक्तिकाल के कवि हैं ।

(ग) <u>मैं</u> भारत में रहता हूँ ।

(घ) <u>धीरे-धीरे</u> गाड़ी ने प्लेटफॉर्म छोड़ दिया ।

(ङ) काशी में संगीत की <u>प्राचीन</u> परंपरा रही है ।


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## खण्ड ग

**7.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए :

घर में पतोहू रो रही है जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं। किंतु, बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं ! हाँ, गाते-गाते कभी-कभी पतोहू के नज़दीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते। आत्मा-परमात्मा के पास चली गई, विरहिनी अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात ? मैं कभी-कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए। किन्तु नहीं, वह जो कुछ कर रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था – वह चरम विश्वास, जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है।

(क) लेखक को कभी क्यों लग रहा था कि भगत पागल हो गए हैं ? *2*

(ख) पतोहू क्यों रो रही है और भगत पतोहू को उत्सव मनाने के लिए क्यों कहते हैं ? *2*

(ग) भगत के विचार में आनंद की बात क्या है ? *1*

**8.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×4=8*

(क) बालगोबिन भगत अपनी किन चारित्रिक विशेषताओं के कारण साधु कहलाते थे ?

(ख) खीरे का स्वाद चखे बिना ही नवाब साहब तृप्त हो गए। इस दृश्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ग) मन्नू भंडारी के पिता के स्वभाव की दो विशेषताएँ सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) शहनाई की दुनिया में डुमराँव क्यों प्रसिद्ध है ? "नौबतख़ाने में इबादत" पाठ के आधार पर लिखिए।

(ङ) कस्बे से गुज़रते हुए हालदार साहब सदा चौराहे पर क्यों रुकते थे ? दो कारण लिखिए।

**9.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×4=8*

(क) गोपियाँ क्यों कहती हैं – "हमारे हरि हारिल की लकरी।"

(ख) लक्ष्मण के अनुसार वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ हैं ?

(ग) किसी बड़े व्यक्ति और बच्चे की मुस्कान में क्या अंतर है ? "यह दंतुरित मुस्कान" के आलोक में लिखिए।

(घ) 'छाया मत छूना मन' कविता में यथार्थ पूजा की बात कवि क्यों कर रहा है ?

(ङ) निराला की कविता "अट नहीं रही है" का केंद्रीय भाव लिखिए।


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**10.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए :

तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर

(क) 'तारसप्तक' और 'संगतकार' शब्दों का आशय स्पष्ट कीजिए । *2*

(ख) "जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ"
का भाव स्पष्ट कीजिए । *2*

(ग) मुख्य कलाकार को ढाँढ़स कौन बँधाता है ? *1*

**11.** "भोलानाथ और उसके साथियों के खेल, वर्तमान खेलों की अपेक्षा मूल्यों का विकास करने में अधिक सहायक थे ।" 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

वर्तमान दौर में प्रकृति के साथ किस तरह का खिलवाड़ किया जा रहा है ? इसे रोकने के लिए आप क्या-क्या कदम उठा सकते हैं ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए ।

## खण्ड घ

**12.** परीक्षा के दिनों में अनियमित विद्युत्-आपूर्ति की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रबंधक, राज्य विद्युत्-आपूर्ति निगम को पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

अपने पिताजी को पत्र द्वारा बताइए कि आपके विद्यालय में वार्षिक उत्सव किस प्रकार मनाया गया ।

**13.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर दिए गए बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए : *10*

(क) मेक इन इंडिया
- आशय
- उद्देश्य
- भारत की पृष्ठभूमि
- विकास में अग्रसर होने का विकल्प


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(ख) भारतीय नारी की चुनौतियाँ
- पुरुष प्रधान समाज में नारी का संघर्ष
- घर-परिवार की सीमाओं से बाहर नई चुनौतियाँ
- विविध क्षेत्रों में नारी का योगदान
- दोहरी भूमिका कितनी संभव

(ग) मातृभाषा के प्रति घटती अभिरुचि
- मातृभाषा शिक्षा उपयुक्त-माध्यम
- मातृभाषा में घटती रुचि के विभिन्न कारण
- अंग्रेज़ी के प्रति बढ़ती रुचि के कारण
- बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आवश्यकता – अंग्रेज़ी

**14.** आपकी बड़ी बहन ने एक संगीत सिखाने की संस्था खोली है । इसके लिए लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आप अपना पुराना फर्नीचर बेचना चाहते हैं । इसके लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए ।


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**SET-3**

**Series JMS/C**

कोड नं.
Code No. **3/1/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 14 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी

# HINDI

## (पाठ्यक्रम अ)
## (Course A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खण्ड हैं – क, ख, ग और घ ।*

*(ii)* *चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है ।*

*(iii)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए : *8*

हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता जनसंख्या वृद्धि रोकना है । इस क्षेत्र में हमारे सभी प्रयत्न निष्फल रहे हैं । ऐसा क्यों है ? यह इसलिए भी हो सकता है कि समस्या को देखने का हर एक का एक अलग नज़रिया है । जनसंख्याशास्त्रियों के लिए यह आँकड़ों का अम्बार है । अफसरशाही के लिए यह टारगेट तय करने की कवायद है । राजनीतिज्ञ इसे वोट बैंक की दृष्टि से देखता है । ये सब अपने-अपने ढंग से समस्या को सुलझाने में लगे हैं । अत: अलग-अलग किसी के हाथ सफलता नहीं लगी । पर यह स्पष्ट है कि परिवार के आकार पर आर्थिक विकास और शिक्षा का बहुत प्रभाव पड़ता है । यहाँ आर्थिक विकास का मतलब पाश्चात्य मतानुसार भौतिकवाद नहीं, जहाँ बच्चों को बोझ माना जाता है । हमारे लिए तो यह सम्मानपूर्वक जीने के स्तर से संबंधित है । यह मौजूदा संपत्ति के समतामूलक विवरण पर ही निर्भर नहीं है वरन् ऐसी शैली अपनाने से सम्बन्धित है जिसमें अस्सी करोड़ लोगों की ऊर्जा का बेहतर इस्तेमाल हो सके । इसी का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष स्त्री-शिक्षा भी है । यह समाज में एक नए प्रकार का चिंतन पैदा करेगी जिससे सामाजिक और आर्थिक विकास के नए आयाम खुलेंगे और साथ ही भावी पीढ़ी के विकास का नया रास्ता भी खुलेगा । अत: जनसंख्या की समस्या सामाजिक है । इसे सरकार अकेले नहीं सुलझा सकती । केन्द्रीकरण से हटकर इसे ग्राम-ग्राम, व्यक्ति-व्यक्ति तक पहुँचना होगा । जब तक यह जन-आन्दोलन नहीं बन जाता तब तक हमारी विकास योजनाओं को सफलता मिलना संदिग्ध है ।

(क) सर्वोच्च प्राथमिकता किसे दी जानी चाहिए और क्यों ? *2*

(ख) स्त्री-शिक्षा का लाभ कहाँ उठाया जा सकता है ? *2*

(ग) जनसंख्या समस्या के प्रति हमारा दृष्टिकोण क्या रहा है ? उसमें किस बदलाव की ज़रूरत है ? *2*

(घ) गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए । *1*

(ङ) केंद्रीकरण का विलोम शब्द लिखिए । *1*

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए : *7*

लीक पर वे चलें जिनके चरण दुर्बल और हारे हैं
हमें तो जो हमारे यात्रा से बने ऐसे अनिर्मित पंथ प्यारे हैं ।
साक्षी हैं राह रोके खड़े पीले बाँस के झुरमुट
कि उनमें गा रही है जो हवा उसी से लिपटे हुए सपने हमारे हैं ।
शेष जो भी हैं
वक्ष खोले-डोलती अमराइयाँ
गर्व से आकाश थामे खड़े


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

ताड़ के पेड़
हिलती क्षितिज की झालरें
झूमती हर डाल पर बैठी फलों से लदी धरती
खिलखिलाती शोख अल्हड़ हवा
गायक मंडली से थिरकते आते गगन में मेघ
वाद्य यंत्रों-से पड़े टीले ।

(क) कवि को कैसे रास्ते प्रिय हैं और क्यों ? *1*

(ख) 'हिलती क्षितिज की झालरें' किसे कहा गया है ? क्यों ? *1*

(ग) 'वाद्य यंत्रों-से पड़े टीले' में कौन-सा अलंकार है ? *1*

(घ) लीक पर चलने का क्या आशय है ? कवि किन्हें लीक पर चलने वाला मानता है ? *2*

(ङ) काव्यांश के किन्हीं दो प्राकृतिक दृश्यों को स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

माना कि रंग हैं अनेक अपने देश में,
हैं भेद बहुत रहन-सहन भाषा वेश में,
लेकिन सभी में अंतरंग ही विशेष है
सजे हुए हैं क्योंकि एक देश-परिवेश है
देश के, प्रदेश के, परदेस के विचार का —
समय नहीं है मित्र आज,
रँग सको किसी तरह तो
प्रेम-शान्ति-रंग में रँगो ।
है कौन दूर, कौन पास अपने देश में,
है भारतीय आत्मा हर एक वेश में,
प्रत्येक मुख से झलकता माँ का ही प्यार है
मद्धिम चलन में देखिए अजब बहार है ।
रोध का, विरोध का और प्रतिरोध का —
समय नहीं है मित्र आज,
बुन सको किसी तरह तो
शान्ति का वितान तुम बुनो ।


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(क) कवि के अनुसार आज किन बातों के लिए समय नहीं है ? *1*

(ख) कवि देशवासियों को किस रंग में रँगना चाहता है ? *1*

(ग) 'है भारतीय आत्मा हर एक वेश में' पंक्ति से कवि क्या समझाना चाहता है ? *1*

(घ) कैसे कहा जा सकता है कि अपने देश में अनेकता में एकता मिलती है ? *2*

(ङ) आशय समझाइए : 'बुन सको किसी तरह तो
शान्ति का वितान तुम बुनो ।' *2*

## खण्ड ख

**3.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** वाक्यों का निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए : *1×3=3*

(क) वसंत आया और लताओं पर फूल खिलने लगे । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ख) मोहन पुस्तक पढ़कर सो गया । (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

(ग) दूसरों की मदद करने वालों की सराहना होती है । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(घ) पाँच भाई-बहिनों में मैं सबसे छोटी थी । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

**4.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : *1×4=4*

(क) बालगोबिन ने बेटे के क्रिया-कर्म में तूल नहीं दिया । (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) टिकिट सेकंड क्लास का ही ले लिया । (वाच्य का भेद बताइए)

(ग) नवाब साहब के द्वारा अधिक उत्साह नहीं दिखाया गया । (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(घ) लोग रो भी नहीं पा रहे थे । (भाववाच्य में बदलिए)

(ङ) यह सब तो मैंने केवल सुना । (कर्मवाच्य में बदलिए)

**5.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** रेखांकित पदों का परिचय दीजिए : *1×4=4*

(क) <u>सच्चाई</u> व्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ गुण है ।

(ख) <u>तुलसीदास</u> भक्तिकाल के कवि हैं ।

(ग) <u>मैं</u> भारत में रहता हूँ ।

(घ) <u>धीरे-धीरे</u> गाड़ी ने प्लेटफॉर्म छोड़ दिया ।

(ङ) काशी में संगीत की <u>प्राचीन</u> परंपरा रही है ।

**6.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : *1×4=4*

(क) वीभत्स रस का स्थायी भाव बताइए ।

(ख) 'रति' किस रस का स्थायी भाव है ?

(ग) श्रृंगार रस का एक उदाहरण लिखिए ।

(घ) "मैं सत्य कहता हूँ सखे ! सुकुमार मत जानो मुझे ।
यमराज से भी युद्ध को प्रस्तुत सदा मानो मुझे ।।"
उक्त पंक्तियों में निहित रस का नाम लिखिए ।

(ङ) स्थायी भाव से आप क्या समझते हैं ?



Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

## खण्ड ग

**7.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए :

घर में पतोहू रो रही है जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं । किंतु, बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं ! हाँ, गाते-गाते कभी-कभी पतोहू के नज़दीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते । आत्मा-परमात्मा के पास चली गई, विरहिनी अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात ? मैं कभी-कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए । किन्तु नहीं, वह जो कुछ कर रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था – वह चरम विश्वास, जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है ।

(क) लेखक को कभी क्यों लग रहा था कि भगत पागल हो गए हैं ? *2*

(ख) पतोहू क्यों रो रही है और भगत पतोहू को उत्सव मनाने के लिए क्यों कहते हैं ? *2*

(ग) भगत के विचार में आनंद की बात क्या है ? *1*

**8.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×4=8*

(क) आशय समझाइए : "काशी में बाबा विश्वनाथ और बिस्मिल्ला खाँ एक-दूसरे के पूरक हैं ।"

(ख) "बालगोबिन भगत" पाठ में भारतीय समाज की किन रूढ़ियों पर प्रहार किया गया है ? किन्हीं दो को समझाइए ।

(ग) "एक कहानी यह भी" पाठ में 'पड़ोस कल्चर' का उल्लेख हुआ है । इस कल्चर से आप क्या समझते हैं ?

(घ) कैप्टन कौन था ? वह बार-बार मूर्ति पर चश्मा क्यों लगा देता था ?

(ङ) "हालदार साहब भावुक हैं । इतनी-सी बात पर उनकी आँखें भर आईं ।" 'नेताजी का चश्मा' कहानी के आधार पर 'इतनी-सी बात' को समझाइए ।

**9.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : *2×4=8*

(क) "माँ ने कहा लड़की होना,
पर लड़की जैसी दिखाई न देना"
आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि माँ ने ऐसा क्यों कहा होगा ।

(ख) नागार्जुन की कविता के आधार पर "फ़सल" के किन्हीं दो रूपों को अपने शब्दों में समझाइए ।

(ग) 'उत्साह' कविता में बादल को रिमझिम बरसने के स्थान पर गरजने के लिए क्यों कहा गया है ?

(घ) सूरदास के पदों के आधार पर गोपियों के वाक्चातुर्य के किन्हीं दो उदाहरणों को स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) मुख्य कलाकार के साथ संगतकार की भूमिका को समझाइए ।


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

**10.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों (प्रत्येक) में लिखिए :

तारसप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज़ से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढाँढ़स बँधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर

(क) 'तारसप्तक' और 'संगतकार' शब्दों का आशय स्पष्ट कीजिए । *2*

(ख) "जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ"
का भाव स्पष्ट कीजिए । *2*

(ग) मुख्य कलाकार को ढाँढ़स कौन बँधाता है ? *1*

**11.** "भोलानाथ और उसके साथियों के खेल, वर्तमान खेलों की अपेक्षा मूल्यों का विकास करने में अधिक सहायक थे ।" 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । *4*

**अथवा**

वर्तमान दौर में प्रकृति के साथ किस तरह का खिलवाड़ किया जा रहा है ? इसे रोकने के लिए आप क्या-क्या कदम उठा सकते हैं ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए ।

## खण्ड घ

**12.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर दिए गए बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए : *10*

(क) मेक इन इंडिया
- आशय
- उद्देश्य
- भारत की पृष्ठभूमि
- विकास में अग्रसर होने का विकल्प

(ख) भारतीय नारी की चुनौतियाँ
- पुरुष प्रधान समाज में नारी का संघर्ष
- घर-परिवार की सीमाओं से बाहर नई चुनौतियाँ
- विविध क्षेत्रों में नारी का योगदान
- दोहरी भूमिका कितनी संभव


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE

Downloaded From : http://cbseportal.com/

(ग) मातृभाषा के प्रति घटती अभिरुचि
- मातृभाषा शिक्षा उपयुक्त-माध्यम
- मातृभाषा में घटती रुचि के विभिन्न कारण
- अंग्रेज़ी के प्रति बढ़ती रुचि के कारण
- बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आवश्यकता – अंग्रेज़ी

**13.** आपकी बड़ी बहन ने एक संगीत सिखाने की संस्था खोली है । इसके लिए लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

आप अपना पुराना फर्नीचर बेचना चाहते हैं । इसके लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए ।

**14.** परीक्षा के दिनों में अनियमित विद्युत्-आपूर्ति की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रबंधक, राज्य विद्युत्-आपूर्ति निगम को पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

अपने पिताजी को पत्र द्वारा बताइए कि आपके विद्यालय में वार्षिक उत्सव किस प्रकार मनाया गया ।


Downloaded From : http://cbseportal.com/ Courtesy : CBSE